जागो जागो हे ज्वाला माई जागो

जागो जागो हे ज्वाला माई जागो,
तेरे भक्त जगाने आये,
जागो जागो हे ज्वाला माई जागो॥

तेरे द्वार पे राम जी आये,
संग सीता माया को लाये,
वो तो धनुष चलाते आये,
हो जागो जागो हे ज्वाला माई जागो॥

तेरे द्वार पे श्याम जी आये,
संग राधा जी को लाये,
वो तो मुरली बजाने आये,
हो जागो जागो हे ज्वाला माई जागो॥

तेरे द्वार पे विष्णु जी आये,
संग लक्ष्मी मैया को लाये,
वो तो चक्र चलाने आये,
हो जागो जागो हे ज्वाला माई जागो॥

तेरे द्वार पे भोले जी आये,
संग गोरा मैया जी को लाये,
वो तो डमरू बजाने आये,
हो जागो जागो हे ज्वाला माई जागो॥

तेरे द्वार पे भक्त भी आये,
संग भेंट तुम्हारी लाये,
वो तो भेंटे सुनाने आये,
हो जागो जागो हे ज्वाला माई जागो॥

जागो जागो हे ज्वाला माई जागो,
तेरे भक्त जगाने आये,
जागो जागो हे ज्वाला माई जागो॥

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24596/title/jago-jago-hey-jwala-mayi-jago

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |